हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री



11 धमतरी मंडल देवांगन समाज ने किया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों...



12 चौक पर खड़े युवक की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



## खबर संक्षेप





### मेघराज और तल्लीनपुरी प्रोटेम स्पीकर पैनल में


**धमतरी।** महापौर जगदीश रामू रोहरा ने मेयर इन काउंसिल/एमआईसी का गठन कर सभी वर्ग को साधने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में महापौर ने बताया कि रिसाईपारा पार्षद मेघराज ठाकुर और अधारी नवागांव पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी को प्रोटेम स्पीकर के पैनल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि एमआईसी का गठन समय पर कर लिया गया है, सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है।

### महाव्यापारी संघ का चुनाव 19 को

**मगरलोड।** महाव्यापारी संघ मगरलोड के पदाधिकारियों का चुनाव 19 मार्च बुधवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा। महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए युगलकिशोर चंद्राकर, यादराम गायकवाड़ के नाम की चर्चा है।

### दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरुद।** भखारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिलौटी व इर्रा में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम सिलौटी के ईश्वर सिन्हा उम्र 37 वर्ष ने खारुन नदी के तट पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना



ग्राम इर्रा में सोमवार को हुई। मनोज साहू उम्र 25 वर्ष ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

### घायल जंगली भालू मुड़खुसरा में मिला

**चारामा।** चारामा वन परिक्षेत्र चारामा के अंतर्गत ग्राम मुड़खुसरा में सोमवार 17 मार्च की सुबह एक जंगली भालू घायल अवस्था में खेत पर मिला है। जानवर के सामने के दोनों पैर में चोट लगी हुई है, जिसके चलते भालू के किसी सड़क हादसे का शिकार होने की आशंका जताई जा रही है। गांव वालों की सुबह नजर खेत में पड़े घायल भालू पर पड़ी, जिसके बाद भयभीत ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को घटना की जानकारी दिया । ग्रामीणों की जानकारी देने के बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर चलने फिरने में असमर्थ भालू का पशु चिकित्सकों से प्राथमिक उपचार कराकर जंगल सफारी रायपुर के लिए रेफर कर दिया है।

## पहले दिन पांचवीं के छात्रों ने गणित का पर्चा हल किया, आज आठवीं का पेपर

# बारह साल बाद शुरू हुई पांचवीं-आठवीं की परीक्षा







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारह साल बाद कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन पांचवीं के छात्रों ने गणित का पर्चा हल किया। इस परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह देखा गया। 18 मार्च को कक्षा आठवीं के छात्र गणित का प्रश्नपत्र हल करेंगे। जिले में इन परीक्षाओं के लिए 1581 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

लंबे समय बाद पांचवीं, आठवीं कक्षा की परीक्षा हो रही है। सोमवार से यह परीक्षा पांचवीं कक्षा के गणित पेपर के साथ शुरू हुई। पहले दिन 10 हजार 884 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 55 छात्र अनुपस्थित रहे। सबसे अधिक 3 हजार 402 विद्यार्थी धमतरी विकासखण्ड में, कुरूद विकासखण्ड में 3 हजार 261, नगरी विकासखण्ड में 2 हजार 945 और मगरलोड विकासखण्ड में 1 हजार 276 विद्यार्थियों ने पांचवीं की परीक्षा दी। परीक्षा में सबसे अधिक 26 विद्यार्थी धमतरी विकासखण्ड में अनुपस्थित रहे। इसी तरह कुरूद विकासखण्ड में 16, नगरी में 9 और मगरलोड विकासखण्ड में 4 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होंगी। जिले में इन परीक्षाओं के लिए 1 हजार 581 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू होगी। पांचवीं की परीक्षा सुबह 11 बजे तक और आठवीं की परीक्षाएं दोपहर 12 बजे तक चलेगी। पांचवीं और आठवीं की परीक्षा में जिले भर से 24 हजार 408 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। दल में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, सहायक जिला समन्वयक समग्र शिक्षा आदि को शामिल किया गया है। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें एक भी नकल प्रकरण नहीं मिला।

### ऐसे होगी परीक्षा


कक्षा पांचवीं की गणित की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। अब अगला पेपर अंग्रेजी का 21 मार्च, हिन्दी 24 मार्च और पर्यावरण का पेपर 27 मार्च को होगा। कक्षा आठवीं की परीक्षा 3 अप्रैल तक चलेगी। 18 मार्च को गणित, 22 को हिन्दी, 26 को अंग्रेजी, 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 1 अप्रैल को विज्ञान और 3 अप्रैल को संस्कृत और उर्दू का पेपर होगा।


## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दरबा में सड़क किनारे टहल रहे 7 लोगों को रौंदा

**दो लोगों की मौके पर ही मौत, तीसरे की अभनपुर हॉस्पिटल में मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव







ग्राम दरबा में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे टहल रहे 7 लोगों को रौंद दिया। इस घटना में 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। घायलों में से 1 की मौत अभनपुर हॉस्पिटल में हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच कर रही है।

- चार गंभीर रूप से घायल इलाज जारी

यह पूरा मामला पुलिस थाना कुरूद के अन्तर्गत बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम दरबा का है। तेजरफ्तार स्कॉर्पियो क्रं. सीजी 04 एलई 7333 ने सड़क किनारे टहल रहे 7 लोगों को रौंद दिया। मौके पर ही 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीसरे की अभनपुर हॉस्पिटल में मौत हो गई। घटना में 4 लोग घायल हो गए। इन सभी को नजदीकी अभनपुर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। मृतकों में भावेश साहू पिता कौशल साहू 21 वर्ष, गोलू यादव पिता प्रीतम यादव उम्र 24 वर्ष, बिलेश्वर सपहा पिता किशुन सपहा 20 वर्ष शामिल हैं। वहीं डीगु यादव पिता प्रहलाद यादव, पुष्कर निर्मलकर पिता कन्हैया निर्मलकर, नरेंद्र यादव पिता धनसिंह यादव घायल हुए हैं।

## गोलबाजार व गौरव पथ में चाकू लहराते दो आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** कोतवाली पुलिस ने गोलबाजार व गौरव पथ में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई





सिटी कोतवाली पुलिस शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबीर से गोलबाजार के पास उदय सिंग नेताम द्वारा धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वालों को डराने-धमकाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल गोलबाजार के पास पहुंची। जहां एक युवक को धारदार चाकू लहराते हुए पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम उदय सिंह नेताम पिता फूलसिंह उम्र 38 वर्ष जालमपुर गौरा-चौरा के पास रहने वाला बताया। पुलिस ने आरोपी उदय को आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर लिया।

चाकू लहराने की दूसरी घटना गौरव पथ पोस्ट आफिस वार्ड की है। मुखबीर की सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल पोस्ट आफिस वार्ड के गौरव पथ पर पहुंची। जहां भोला साहू पिता टेमो साहू उम्र 19 वर्ष जालमपुर निवासी धारदार चाकू लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। कोतवाली में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर भोला साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने चाकू लहराने वाले दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

### श्रीमद् भागवत कथा आज से

**धमतरी।** श्री जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति धमतरी द्वारा वृंदावन धाम श्री गुजराती समाज भवन में 18 से 24 मार्च तक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। भगवताचार्य पं. मथुरादास बापू भावनगर गुजरात होंगे। पोथी यात्रा 18 मार्च मंगलवार दोपहर 2 बजे से श्री जलाराम मंदिर से घड़ी चौक होते हुए वृंदावन धाम गुजराती समाज भवन पहुंचेगी। कथा दोपहर 3 से शाम 6.30 बजे तक होगी।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# कोपेडीह-रामपुर में अवैध महुआ शराब के खिलाफ उठी आवाज

## युवाओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम कोपेडीह, रामपुर में अवैध महुआ शराब का निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ आसपास के ग्रामीण युवाओं ने प्रदर्शन कर एसपी को ज्ञापन सौंपा है। जिले के भखारा तहसील स्थित कोपेडीह और रामपुर महुआ शराब बनाने और बेचने के नाम से प्रसिद्ध है। सालों से इन गांवों में अवैध शराब का कारोबार फलफूल रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी आबकारी और पुलिस प्रशासन को नहीं है। कई बार पुलिस कार्रवाई के बाद भी अवैध शराब का गोरखधंधा बेखौफ जारी है।

सोमवार को ग्राम पचपेड़ी, हंचलपुर, भेलवाकूदा के अनेक युवा एसपी कार्यालय पहुंचे। कोपेडीह तथा रामपुर में महुआ शराब बनाने और बेचने के खिलाफ प्रदर्शन कर एसपी से मुलाकात की। उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कोपेडीह और रामपुर में अवैध शराब के कारोबार से आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्वास्थ्य को खतरा, अपराध, सामाजिक अशांति, आर्थिक नुकसान तथा युवाओं की मानसिकता पर बुरा असर पड़ रहा है। शिक्षित वर्ग के लोगों को गांव से पलायन करना पड़ रहा है। शाम के समय महिलाओं, छात्रों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। शराब बनाने के बाद बचे अपशिष्ट पदार्थों को खुले मैदान, तालाब, धरसा रोड, कच्ची नाली, सड़क किनारे तथा दूसरे गांव के मैदानों के अलावा देवस्थल के पास फेंका जा रहा है। इससे आसपास के गांव में तनाव की स्थिति निर्मित है। युवाओं ने कच्ची शराब का निर्माण, विक्रय में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में आगे कहा है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर अंचल के ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




## एक रुपए में एक गुलाब जामुन, बर्फी, गुणवत्ता दरकिनार

# किराना दुकानों में मिठाइयों के नाम पर बिक रहा जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गांवों में मिठाइयों के नाम पर बिक रहे जहर पर अधिकारियों की नजर नहीं पहुंच रही है। किराना दुकानों में एक रूपए में गुलाब जामुन, बर्फी, सोनपापड़ी जैसी मिठाइयां बिक रही है। होली त्योहार पर यह मिठाइयां जमकर बिकी। बच्चों के साथ बड़ों ने भी चाव के साथ इन मिठाइयों का मजा लिया।

खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने होली त्योहार से पहले पूरे जिले में घूम-घूम कर कार्रवाई की। दर्जनों होटल, मिष्ठान्न भंडार से सेंपलिंग की गई। जहां पर त्रुटियां मिलीं वहां पर समझाइश देकर त्रुटियों को दूर किया गया। इन सब कार्रवाई के बाद भी कई क्षेत्र में खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम नहीं पहुंच पाई। इन स्थानों में होली पर अमानक और नकली खाद्य पदार्थ जमकर बिके। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की किराना दुकानों में अभी ऐसे उत्पाद बिक रहे हैं, जिनके पैकेट पर न तो बनाने वाली कम्पनी का नाम है और न पैक करने वाली कम्पनी का। मैनुफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट का अता-पता नहीं है। होली पर खाद्य सामग्रियों की डिमांड कई गुना बढ़ गई थी। गुणवत्तायुक्त सामग्रियों के साथ मिलावटी सामग्रियां जमकर बिकी। कीमत कम होने के कारण लोगों ने अनजाने में ही मिलावटी खाद्य पदार्थों को खरीदी की।

### ग्रामीण क्षेत्र की किराना दुकानों में बिक रही

ग्रामीण क्षेत्र की किराना दुकानों में मिठाइयां और नमकीन बिक रहे हैं। सोनपापड़ी, गुलाब जामुन, बर्फी सहित अन्य मिठाइयां प्रति नग एक रुपए में बिक रही है। इन मिठाइयों की क्वालिटी का अंदाजा इनके मूल्य से ही लगाया जा सकता है। ये मिठाइयां धमतरी सहित आसपास के क्षेत्र में ही बनती है। इन मिठाइयों के पैकेट पर न तो बनाने वाले का नाम है और बनाने में उपयोग की गई सामग्रियों का उल्लेख है। गांवों में बच्चों के साथ बड़े भी चाव से इन मिठाइयों को खा रहे हैं।

### सेहत से हो रहा खिलवाड़, नगर में कार्रवाई

दुकानों पर बिक रही बिना बैच नंबर, बिना एक्सपायरी डेट की अमानक खाद्य सामग्री का व्यापार मुनाफे का धंधा है। इसकी मार्केटिंग का तरीका भी अलग है। ज्यादातर ये सामग्रियां दुकानों तक पहुंचाकर दी जाती हैं। मोटरसाइकिल से कई लोग गांव-गांव फेरी लगाकर इन सामग्रियों को किराना दुकानों में बेचते हैं। इससे मार्केटिंग का खर्च भी कम आता है। दुकानदारों को सामग्री दुकान में ही मिल जाती है। आटा, बेसन, मिर्च, मसाला जैसी सामग्रियों में मिलावट का यह व्यापार खूब फल-फूल रहा है। मुनाफे के लिए मिलावटखोर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### हैण्डबाल स्पर्धा में कुरूद कालेज के तीन छात्रों का चयन

**कुरूद**। संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के खिलाड़ी रूपेश सिन्हा, प्रकान्त दर्रो, देवेन्द्र साहू का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी किट यूनिवर्सिटी भुनेश्वर (उड़ीसा) हेतु हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 15 से 18 मार्च तक प्रशिक्षण प्राप्त कर आईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर उड़ीसा में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन, अतिथि क्रीड़ा सहायक शहनाज बेगम, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणि श्रीमाली के अलावा प्राध्यापकगण व अधिकारी-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। सीएचसी पखांजुर में ईलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल मानपुर सीतीगांव निवासी 20 वर्षीय दानचु तुलावी का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पातली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसका 16 मार्च को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्कूटी की टक्कर से रहगीर की हुई मौत

**कांकेर**। बांदे से पखांजुर जाने वाले मार्ग में पैदल चल रहें राहगीर को स्कूटी सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर चोट आने की वहज से उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि 28 फरवरी की शाम को मृतक रूपचंद पाल अपने घर से पैदल दूध छोड़ने बांदे गया था। दूध छोड़कर वापिस अपने घर जा रहा था, तभी बांदे से पखांजुर जाने वाली मेन रोड़ रात करीबन साढ़े 8 बजें बांदे की ओर से आ रहे स्कूटी चालक पीव्ही 80 हरिदासपुर निवासी शुभम डे पैदल जा रहे मृतक को ठोकर मारा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फार्म अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि **आवेदक राकेश कुमार साहू आ. स्व. श्री जनक राम साहू, जाति तेली, आयु 25 वर्ष, निवासी ग्राम लिमतरा, पो. सम्बलपुर, थाना अर्जुनी, तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका त्रिवेणी साहू आ. श्री बीसनाथ साहू, जाति-तेली आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम सियनमरा, पो. बेलोदी, थाना सनौद, तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)** द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक **08.04.2025** के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक **05.03.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि- 08.04.2025**

मुहर

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

## पीआईसी की पहली बैठक 20 को बुलाई गई

# नपं कुरूद में पीआईसी का गठन कर 5 सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) का गठन कर उपाध्यक्ष सहित 5 सदस्यों को विभाग वितरित कर जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके साथ ही पीआईसी की पहली बैठक 20 मार्च को आहूत कर आगामी 31 मार्च को बजट बैठक के लिए कार्ययोजना की तैयारी के साथ कार्यालय में कामकाज शुरू कर दिए हैं।

सोमवार को अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने पीआईसी मेम्बर गठन की सूचना सीएमओ को देकर नाम सार्वजनिक किए। उपाध्यक्ष देवव्रत साहू को शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, वार्ड 4 के पार्षद महेंद्र गायकवाड़ को पुनर्वास, नियोजन तथा सामान्य प्रशासन विभाग, वार्ड 5 के पार्षद मिथिलेश बैस को राजस्व तथा बाजार विभाग, वार्ड 6 के पार्षद सीतेश सिन्हा को खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग एवं वार्ड 11 की पार्षद राजकुमारी ध्रुव को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जलकार्य विभाग का सभापति नियुक्त किया है।







### सभी पहली बार बने सभापति

गौरतलब है कि अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर द्वारा गठित की गई इस बार के पीआईसी मेम्बरों में सभी पांचों सदस्य पहली बार सभापति बने हैं। यहां अध्यक्ष भाजपा से तो उपाध्यक्ष कांग्रेस से हैं जिसके कारण उपाध्यक्ष देवव्रत साहू को पद के हिसाब से उनके पदेन विभागों को उन्हें सौंपकर सभापति बनाया गया है। हालांकि इससे पूर्व नपं कुरुद में कांग्रेस सत्ता में रही है। बावजूद सीनियर पार्षद देवव्रत साहू को सभापति नहीं बनाया गया था, लेकिन इस बार सत्ता नहीं होने के बावजूद उन्हें उपाध्यक्ष का पद किस्मत से मिला है। महत्वपूर्ण विभाग अब उनके पास रहेगा।

### पहले कार्यालयीन दिवस में निपटाये महत्वपूर्ण कार्य

नपं अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने हरिभूमि को बताया कि उन्होंने सोमवार की सुबह से ही विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पीआईसी गठन कर सभी पांचों विभाग में पार्षदों को सभापति बनाया। कर्मचारियों में भी विभागों का वितरण किया गया। 20 मार्च को पीआईसी बैठक के लिए विभिन्न एजेंडा तैयार करने से लेकर नवरात्रि प्रारंभ में नगर विकास हेतु लोकार्पण-शिलान्यास के लिए तैयारी करने एवं 31 मार्च को परिषद की पहली बैठक तैयारी हेतु बजट तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सभी 15 वार्डों में बजट के लिए पार्षदों से विकास कार्यों के लिए अनुशंसा पत्र मंगाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य पहले कार्यालयीन दिवस में किए गए।

### नपं कुरूद में सलाहकार समितियों का गठन



**कुरुद**। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने पीआईसी गठन पश्चात सभापतियों के साथ उन्हें दिये विभाग के सफल क्रियान्वयन के लिए सलाहकार सदस्यों की नियुक्ति की है। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास कल्याण समिति सभापति देवव्रत साहू के साथ 3 सलाहकार सदस्य सुश्री कविता चंद्राकर, रविप्रकाश मानिकपुरी, महेन्द्र गायकवाड़ होंगे। इसी प्रकार खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति के सभापति सीतेश सिन्हा के साथ मिथिलेश बैस, कविता चंद्राकर एवं रविप्रकाश मानिकपुरी सदस्य, राजस्व तथा बाजार समिति के सभापति मिथलेश बैस के सदस्यगण रविप्रकाश मानिकपुरी, महेन्द्र गायकवाड़, कविता चंद्राकर होंगे। आवास पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जलकार्य विभाग समिति के सभापति राजकुमारी अलख ध्रुव के साथ कविता चंद्राकर, महेन्द्र गायकवाड़ व सीतेश सिन्हा तथा पुनर्वास, नियोजन, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग समिति के सभापति महेन्द्र गायकवाड़ की समिति में रविप्रकाश मानिकपुरी, कविता चंद्राकर एवं राजकुमारी अलख ध्रुव के सदस्य होंगे।

## पीएमश्री स्कूल में जिपं उपाध्यक्ष ने मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। इस अवसर पर जिपं धमतरी उपाध्यक्ष गौकरण साहू उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। प्रत्येक व्यक्ति को ईर्ष्या, द्वेष भुलाकर भाईचारे के साथ पर्व को मनाना चाहिए। खुशियां बांटनी चाहिए। मौके पर कठौली सरपंच डा. खेमराज साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकुमार निषाद, ओमराम साहू सहित समिति सदस्यगण व रसोईया-सहायिका उपस्थित थे।



### होली मिलन समारोह में दिया एकता का संदेश

**नगरी**। ग्राम परसापानी में ग्राम व्यवस्था समिति द्वारा होली मिलन समारोह रखा गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ होली खेली। वे रंगों से सराबोर रहे। एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस दौरान ग्राम ठाकुर के पद पर भावसिंह मरकाम को निर्विरोध चुना गया। पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया। मौके पर ग्राम पटेल दिनेश साहू, डीपी ग्वाल, मानक साहू, नारायण निषाद, छतरलाल बघेल, सीताराम सोम, गोविंद मरकाम, संतोष मरकाम, पन्नालाल कश्यप, रोहित नागेश, शोभीराम वट्टी, गोपी मेश्राम, नंदलाल साहू, भरत ग्वाल, धनेश मंडावी, नकुल मंडावी, मन्नूनेताम मौजूद थे। आभार व्यक्त करते हुए डीपी ग्वाल ने गांव में एकता, आपसी भाईचारा और एक दूसरे के सुख दुख में भागीदार रहने का संदेश दिया। कांग्रेस युवा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप साहू, परसापानी सरपंच कांति नेताम ने कहा कि यह पर्व हमें मिलजुलकर रहने का संदेश देता है।

## होली पर मिठाई बांटकर बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

होली का पर्व संकरी में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महेन्द्र साहू, योगेश साहू, यादराम, नेताराम साहू ने सभी घरों में पहुंचकर लोगों को रंग गुलाल लगाया। घरों में मिठाई भेंट की। बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।

विदित हो कि योगेश एवं महेंद्र साहू इस प्रकार के अनोखे कार्य करते रहे हैं। समाज और गांव के प्रति सेवाभाव लेकर काफी कार्यक्रम पहले भी उनके द्वारा कराए जा चुके हैं। ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान समारोह, सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह, सेवा समिति के सदस्यों का सम्मान जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इस बार होली में सभी को मिठाई बांटने, रंग गुलाल लगाने प्रत्येक घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस प्रकार से सेवाभाव कार्यक्रम से आत्मिक खुशी मिलती है। मार्गदर्शक में रूप में रामखिलावन साहू, पवन साहू, राजेन्द्र, गज्जू साहू, रमेश, दीनदयाल साहू का सहयोग मिलता है।

## डांडेसरा सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत डांडेसरा में नवनिर्वाचित सरपंच खुमेश्वरी दीपक साहू ने कार्य भार ग्रहण किया। पूर्व सरपंच बिन्दु साहू सेवामुक्त हुई। सरपंच ने उपसरपंच दामिनी चंद्राकर एवं ग्रापं सचिव खेदनलाल निषाद के समक्ष कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर रोजगार सहायक एमन्त कंवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, ग्रापं भृत्य टिकेश्वर साहू, वार्ड पंच पूर्णिमा टंडन, अरविन्द साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, कोषाध्यक्ष ढालसिंग दीवान, गोपेश्वर जोशी, मुरलीधर साहू, चेतन चंद्राकर, रामजी रात्रे, दीपक साहू, अंगद चंद्राकर उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ नवदंपति ने शादी में लिया आठवां फेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

सामाजिक रीतियों के अनुसार दूल्हा दुल्हन शादी के फेरे के समय सात फेरे लेकर पति पत्नी के वचन को पूरा करते हैं। सोनेसिली निवासी पंचराम साहू के छोटे पुत्र मुकेश साहू का रिश्ता फिंगेश्वर के बेलरगांव निवासी स्व. दुराम साहू की पुत्री से तय हुआ। दोनों ने समाज को संदेश देने के लिए 8 वां वचन प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का लिया। मुकेश और लीलेश्वरी ने सात फेरे लेते समय यह वचन किया कि हम दोनों मिलकर पर्यावरण को संरक्षित रखेंगे और ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएंगे। यह वचन शादी रस्म को पूरा कराते हुए महाराज चंदनपुरी गोस्वामी ने दिलाया। शादी के पश्चात गांव आगमन पर पंचायत परिसर में पाम और अशोक का पौधारोपण किया। नवनिर्वाचित सरपंच अजय साहू ने इस प्रयास को सराहा। शादी समारोह में पहुंचे अभनपुर के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि चंद्रहास साहू, मंडी अध्यक्ष गोपेश ध्रुव, पवन साहू, प्रफुल्ल साहू, रोशनलाल साहू, वेदराम साहू, दयानंद साहू, असवंत साहू ने भी इस पहल की प्रशंसा की है।



## मंदरौद में खुली नई राशन दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राज्य सरकार 700 से अधिक राशन कार्डधारियों वाले ग्राम पंचायतों में एक से अधिक उचित मूल्य की दुकान खोलकर हितग्राहियों को सुविधा देने का काम कर रही है। ग्राम पंचायत मंदरौद में नई राशन दुकान का शुभारंभ भाजपा मण्डल अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष साहू ने कहा कि जब से साय की सरकार बनी है तब से जनसुविधा के कार्यों में तेजी आई है। उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्रिय विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से पूरे क्षेत्र के सभी गांव में राशन दुकान खुल रही है। इतना ही नहीं कुरूद विधानसभा हर क्षेत्र में विकास का नया आयाम गढ़ रहा है जैसे एलएलबी, बीएड, लाइवलीहुड कॉलेज, पालीटेक्निक कॉलेज ये सभी सुविधाएं आप सबको आगे बढ़ने के लिए हैं।



इस अवसर पर प्रेमचंद साहू, भीखम लहरे सरपंच, कंचन नारद साहू, मौजीराम गुरुजी, अशोक साहू, राजू कोसरिया, रमेश निषाद, हीरामन साहू, रामचरण साहू, रामकृष्ण टंडन, गजेंद्र साहू, पोखन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नगरी अंचल की खबरें

### नगाड़ों की थाप पर ग्रामीण थिरके, बच्चों ने मारी पिचकारी



**नगरी**। ग्राम उमरगांव में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुवार को रात्रि में मुहल्ले के लोग बाजार चौक में इकठ्ठे हुए और विधि-विधान से पूजा कर होलिका दहन किया। ग्रामीण नगाड़ों की थाप पर थिरकते रहे। दूसरे दिन अबीर-गुलाल के साथ होली खेली गई। बच्चों ने जमकर पिचकारी चलाई।

### श्रीराम नगर में महिलाओं ने होली खेली



**नगरी**। श्रीराम रामेश्वर महिला समिति द्वारा महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान वार्ड की बुजुर्ग महिलाओं तथा नवनिर्वाचित पार्षद का सम्मान किया गया। महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता हुई। कुर्सी दौड़ में रेखा यादव उपाध्यक्ष महिला समिति तथा बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में लक्ष्मीकांत गुप्ता प्रथम रही। मिक्की गुप्ता, डाकेश साहू ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। श्री रामनगर वार्ड क्रमांक 3 में वार्डवासियों के साथ पार्षद ने होली खेली।

### वार्ड क्रमांक 15 में धूमधाम से मनी होली



**नगरी**। नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 15 के वार्डवासियों ने धूमधाम से होली का पर्व मनाया। मौके पर चमेलीबाई, चुन्नीबाई, सरिताबाई, अनीताबाई, डलेश्वरी साहू, तारामती साहू, चंद्रिका साहू, राजेश्वरी साहू, सुलोचना साहू, भगवती साहू, कलाबाई साहू, जुगोबाई, देवल साहू, रेणुका साहू, ज्योति साहू, ममता साहू, जागृति साहू, फ्लैश साहू, पेमिन साहू, रामखिलावन साहू, मृत्युंजय, ईश्वर साहू, केवल साहू, बीनाराम साहू, राजा साहू, चंदन साहू, करण साहू, डेविड साहू, सौरभ साहू, वैभव साहू, अर्जुन साहू, काव्य चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, चंचल चंद्राकर, मंदाकिनी ध्रुव, दादू साहू, हेमलता साहू, डेविड साहू, करुणा साहू, मुस्कान साहू, डोमन साहू, डलेश्वरी साहू, ट्विंकल साहू, संगीता, उर्मि साहू, गोकुल साहू, मोनू, सोनू, योगेश्वरी, ज्योति सोम, सुशीला सोम, शैल जायसवाल उपस्थित थे।

### मेचका में मना रंगों का पर्व होली





**नगरी**। ग्राम मेचका में रंगों का पर्व होली त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों में पकवान तैयार किए गए। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। छोटे बच्चों ने पिचकारी चलाई। बच्चे, युवा नगाड़ों कर थाप पर नाचते रहे। चौक-चौराहों में डीजे लगाकर मुहल्लेवासियों ने जमकर होली खेली। शांतिपूर्वक त्योहार मनाया गया। ज्योति, पूर्णिमा प्रजापति, शांता बाई, धारणा बाई, कचरा बाई, यमुना बाई, अश्वनी, जागेश्वर सोरी, तरुण मरकाम, प्रियांशु साहू, नगेंद्र साहू, उमंग यादव ने होली पर्व का खूब मजा लिया।

### डॉ. चंचल का साहू समाज ने किया सम्मान



**नगरी**। डॉ. चंचल कुमार साहू ने भारतीय सेना मेडिकल कॉर्प्स में कैप्टन पद प्राप्त कर सिहावा नगरी अंचल का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीण साहू समाज देवपुर ने सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें उन्हें स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कैप्टन डॉ. चंचल कुमार साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक स्व. चिंताराम साहू के पौत्र एवं हितेश साहू व श्रीमती तारणी साहू के छोटे पुत्र तथा वेदप्रकाश के भाई हैं। साहू समाज के पदाधिकारियों ने डॉ. चंचल कुमार साहू की इस सफलता को समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उनकी इस उपलब्धि से अंचल में हर्ष का माहौल है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-02770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### भारतीय सेना में चंचल का चयन



**नगरी।** डॉ. चंचल कुमार साहू का भारतीय सेना मेडिकल कॉरपोरेशन में कैप्टन पद पर चयन होने से ग्रामीण साहू समाज देवपुर द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। चंचल डॉ. साहू सेवानिवृत प्रधानपाठक, स्व. चिंताराम साहू के पौत्र एवं हितेश तारिणी साहू के छोटे पुत्र हैं। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज देवपुर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सिवनीकला में सत्संग समारोह का समापन आज



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के कबीर आश्रम में कबीर आश्रम चंदनबाग के साधु बालेश्वर दास एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 17 व 18 मार्च को वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। प्रमुख प्रवचनकर्ता संत सनाथ साहेब मध्यप्रदेश अपनी संत मंडली के साथ पहुंचे हैं।17 मार्च सोमवार को दोपहर 2 से 5 बजे तक बीजक पाठ एवं भजन प्रवचन सुनने श्रोताओं की काफी उपस्थिति देखी गई। 18 मार्च मंगलवार को सुबह 10 से 3 बजे तक भजन प्रवचन पश्चात आरती की जायेगी। 4 बजे भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### महिला क्रिकेट में तुलेश्वरी का चयन

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महावद्यािलय कुरूद की खिलाड़ी तुलेश्वरी निषाद बीए द्वितीय सेमेस्टर का चयन महिला क्रिकेट ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी (केआईआई यूनिवर्सिटी उड़ीसा) के लिए हुआ है। कुरूद महाविद्यालय के इतिहास में प्रथम बार महिला क्रिकेट की कोई खिलाड़ी ऑल इंडिया इंटरयूनिवर्सिटी हेतु चयनित होकर पहुंची है। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.एके मिश्रा, क्रीड़ा प्रभारी अमित टंडन, अतिथि क्रीड़ा सहायक शहनाज बेगम, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ.एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ.ओमजी गुप्ता, डॉ.तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ.फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, डॉ.विक्रम सिंह, लीना दिली, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस ने हर्ष जताया है।



### भारतीय टीम को चीयर्स करने पहुंचे शहर के युवा



**धमतरी।** रविवार को नया रायपुर शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मास्टर्स लीग का फाइनल मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया। इसे देखने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से क्रिकेट प्रशंसक पहुंचे थे। धमतरी से मिहिर राठौर, आदर्श तिवारी, सिद्धार्थ साहू, हर्ष राठौर, निखिल पंसारी, अमन भी क्रिकेट मैच का लुत्फ लेने पहुंचे थे और भारतीय टीम को चीयर्स करते नजर आए। इस मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हरा दिया।

### नगाड़ा व्यापारी के बैग से 80 हजार पार



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी में होली पर हफ्ते भर पहले दुकानों का सजना प्रारंभ हो जाता है। नगर के मुख्य चौक बजरंग चौक बरगद चौक पर रंग गुलाल, पिचकारी की दुकान सजी थी। नगाड़े बेचने केशव राम बिंझेकर देमार निवासी अपने परिवार के साथ आया था। बरगद चौक के नीचे अपनी दुकान लगाई थी। नगाड़ा बेचकर पैसे इकट्ठा किया था। वहीं गुरुवार की रात्रि नगाड़ा व्यापारी यात्री प्रतीक्षालय में अपने परिवार के साथ सोया हुआ था। करीब 3 बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैग से करीब 80000 रुपए की चोरी कर ली। व्यापारी ने कहा कि इतनी मेहनत से उसने पैसा इकट्ठा किया था। एक झटके में उसकी कमाई चली गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जांच पड़ताल की मांग की है। इस संबंध में टीआई ने बताया कि चोर की खोज जारी है। आसपास की दुकानों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। चोर जल्द ही हमारी गिरफ्त में होगा।

### करेली बड़ी में होली पर्व की रही धूम

**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी समेत आसपास गांव में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरा क्षेत्र होली के रंग में डूबा रहा। करेली बड़ी में होली पर्व पूरे शबाब पर था। 13 मार्च की रात्रि में ग्राम विकास समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, बैगा ने होलिका दहन कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन लोग सुबह से दोपहर तक रंग गुलाल लगाए। बड़ों का गुलाल लगाकर छोटों ने आशीर्वाद लिया।

### सांकरा में हर्षोल्लास से मनाई गई होली

**सांकरा।** मानस मंच सांकरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सांकरा की बाल मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। मंडलियों के सदस्यों ने होली गीत गाकर ढोल-बाजे की धुन में नाचते गाते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस होली मिलन के कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा भी सम्मिलित हुए और अपने जिपं क्षेत्र क्र. 12 से चुनाव में विजय हासिल करने पर आभार व्यक्त किया।

जनप्रतिनिधि 5 साल में अपने कार्यों से बनाएं विशिष्ट पहचान : जगदीशचंद्र

# धमतरी मंडल देवांगन समाज ने किया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री/धमतरी



देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में धमतरी मंडल देवांगन समाज के तत्वावधान में देवांगन समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मां परमेश्वरी की पूजा आरती की गई। जयकारे के साथ नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान धमतरी जिले के विभिन्न गांवों एवं नगर से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

सम्मान समारोह में धमतरी मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन ने कहा कि 5 सालों में बिना किसी राग द्वेष के समाज के जनप्रतिनिधियों को ऐसा विकास कार्य अपने क्षेत्र में अवश्य कराना चाहिए जिससे स्वयं, परिवार, गांव, समाज व देश का नाम रोशन हो और अगले चुनाव के लिए उनके साथ-साथ समाज के अन्य पात्र दावेदारों को भी पार्टी टिकट देने पर मजबूर हो जाए।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों जिपं सदस्य धमतरी मोनिका देवांगन, ऋषभ देवांगन, ननि धमतरी सभापति कौशिल्या इंद्रेश देवांगन, पार्षदगण पूर्णिमा भरत देवांगन, संजय देवांगन, विशु सत्येंद्र देवांगन, जनपद सदस्यों रूपचंद देवांगन (प्रतिनिधि), कैलाश देवांगन, मीरा देवांगन, सरपंचगण तुमन देवांगन, जीवन देवांगन, उपसरपंच अशोक देवांगन तथा पंचगणों में चेतना, केशनी, मिथिला, निर्मला, मनराखन, योगेश, खिलावन सुदामा सहित सरपंच, पंचगणों का सम्मान शॉल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया। इनके अलावा दावेदारी करने वाले चुनावी प्रत्याशियों को भी शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

मौके पर सिर्री पत्रकार पामेश देवांगन का भी शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। मौके पर अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, संरक्षक संतोष देवांगन, उपाध्यक्ष जयप्रकाश देवांगन, सचिव शंकर देवांगन, कोषाध्यक्ष राजकुमार देवांगन, अंकेक्षक भरत देवांगन, महिला मंडल अध्यक्ष खुशबू देवांगन, सचिव पुष्पलता देवांगन, कोषाध्यक्ष विद्या देवांगन, संरक्षक नमिता देवांगन, उपाध्यक्ष प्रतिमा देवांगन, युवा मंडल अध्यक्ष कोमल देवांगन, दीपेंद्र देवांगन, भगवानसिंह देवांगन, लखनलाल देवांगन, ऋषभ देवांगन पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, टीकाराम देवांगन, कुशल देवांगन, टीकम देवांगन, यशवंत देवांगन, दीपेश देवांगन, केशव देवांगन, हुकुम देवांगन, गौरीशंकर देवांगन, देवेंद्र देवांगन, राकेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भेंडरा में हुआ फाग गायन सम्मेलन



■ जिस दायित्व के लिए लिए चुनी हूं, उसे ईमानदारी से निभाऊंगी : पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम भेंडरा में एक दिवसीय फाग गायन सम्मेलन का आयोजन किया गया था। के मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा राजू सिन्हा सदस्य जिला पंचायत धमतरी थीं। अध्यक्षता श्रीमती ज्योति हिरेन्द्र मंडावी सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि रेखा शेषनारायण साहू जनपद सदस्य कुरुद, एनके साहू अध्यक्ष सेवा साख सहकारी समिति गातापार, यमकांत साहू उपसरपंच, हंसु फलेन्द्र सिन्हा पूर्व सदस्य जपं कुरुद थी। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति व परंपरा से हमारी नई पीढ़ी सीखती है। उन्होंने होलिका दहन पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह बुराई के आगे सत्य की जीत का प्रतीक है, हमें में भी अपने जीवन में सदैव अच्छे कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिस दायित्व के लिए मैं चुनी गई हूं, उसे ईमानदारी से पूरा करूंगी। इस अवसर पर हरीश चन्द्राकर पूर्व सदस्य, जनपद सदस्य, क्षमेश्वरी कामता साहू पूर्व सरपंच, पुष्कर मरकाम, कामता साहू, पीताम्बर निषाद, दानसिन साहू, प्रियंका साहू, बनेश्वरी साहू, सुनिता निषाद, छबिला साहू, नंदनी साहू, बिसेबाई साहू, चन्द्रिका साहू, खोमेश्वरी पटेल, देवश्री मरकाम, देवकी साहू, पिंकी नागडे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## संजय नगर के छात्र-छात्राओं को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय माध्यमिक शाला संजय नगर कुरूद में शाला प्रबंधन व पालक समिति की बैठक तथा कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह रखा गया था।

समारोह के मुख्य अतिथि गोकुल साहू, आजीवन सदस्य जीवन दीप समिति सिविल अस्पताल कुरूद व अध्यक्षता वार्ड पार्षद मनीष साहू एवं विशिष्ट अतिथि राम सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास समिति थे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात 8वीं के छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र का वितरण कर मुंह मीठा कराया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गोकुल साहू ने कहा कि हमें एक निश्चित लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

समारोह में शाला प्रबंधन व पालक समिति के सदस्य डेरहीन दीवान, लीला चंद्राकर, लीकेश्वरी साहू, प्रधानपाठक उत्तम साहू, शिक्षिका मरियम शेख, शिक्षक लक्ष्मीनारायण ध्रुव, जीके साहू समेत छात्र-छात्राएं तथा पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रपा उत्तम साहू व आभार प्रदर्शन शिक्षक लक्ष्मीनारायण ध्रुव ने किया।

## शिक्षकों को पता नहीं होता कि किस पर काम करना है : हुलेश

■ शिक्षा विभाग के निष्क्रिय मार्गदर्शन को लेकर फेडरेशन ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



छग सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, जि ला ध्य क्ष दौलतराम ध्रुव ने केंद्रीकृत परीक्षा और सामान्य परीक्षा और परीक्षाफल अद्यतन के निष्क्रिय मार्गदर्शन पर सवाल खड़ा किया है। केंद्रीकृत परीक्षा के नाम से राज्य से प्राप्त फंडों का भी जिला स्तर में सही उपयोग नहीं करने का आरोप लगाया है।

हुलेश ने बताया कि परीक्षा सिर पर है और आवश्यक फॉर्मेट जैसे एकरूपता वाली लेमिनेटेड लिफाफा, कवर पर चिपकाए जाने वाली फॉर्मेट को जिला से ब्लॉक, ब्लॉक से केंद्रों को उपलब्ध करवाना चाहिए जबकि ऐसा नहीं हो रहा है। फेडरेशन ने मांग की है कि अभी तक परीक्षाफल कौन सा तैयार करना है (मासिक मूल्यांकन, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक वाले भी है) और किस फॉर्मेट में काम करना है, उच्च कार्यालयों को भी पता नहीं। बार बार संशोधन जैसे डाक और पीएडीएफ डाल दिया जा रहा और इसे प्रधानपाठकों को कॉपी निकालने कहा जाता है। सालभर फोटोकापी करवाने की परंपरा का जन्म हो चुका है। जबकि राज्य से प्राप्त अनुदान राशि इस हिसाब से पर्याप्त नहीं है। इससे शिक्षक भ्रमित हैं। एक ओर समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग अलग-अलग मूल्यांकन करवाते हैं और हर साल इनके डिजाइन और आकलन की प्रक्रिया को अंतिम समय में बदल दिया जाता है। शिक्षकों को यह पता नहीं होता कि आखिर काम किस पर करना है। मांग करने वालों में लोकेश साहू, शरीफ बेग मिर्जा, नरेंद्र सिन्हा, तेजलाल साहू, फलेश्वर कुर्रे, शंकर मानिकपुरी, शिप्रा कन्नौजे, रामेश्वर साहू, टीमेलाल, रोमन रात्रे, भेषज, नवीन मार्कण्डेय, अभिषेक सिंह, प्रकाशचंद आदि शामिल है।

### ये सवाल जिनका मांगा जवाब

एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, मिडिल स्कूल में 5वीं-8वीं की परीक्षा के दौरान बाकी लोकल कक्षा 1 से 4 व 6, 7 का समय क्या होगा। मध्यान्ह भोजन का संचालन कैसे होगा। जिस दिन परीक्षा नहीं है उस दिन स्कूल का समय क्या होगा। केंद्रीकृत परीक्षा के लिए आवश्यक पैकेजिंग के लिए लिफाफा का पता नहीं। हर पीएडीएफ को स्कूल से निकलवाने की परंपरा क्यों। अभी 5वीं, 8वीं की अंकसूची में जाति का कालम नहीं है, इसमें भी संशोधन कर अंकसूची का डेमो जारी करे।

# माध्यमिक शाला दर्रा में मनाया गया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



शासकीय माध्यमिक विद्यालय दर्रा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, शिक्षकगण एवं बालक बालिकाओं ने नगाड़ों की थाप पर हर्षोल्लास से होली मनाई। प्रबंधन समिति एवं नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि इस वर्ष होली त्योहार शासकीय माध्यमिक विद्यालय दर्रा में उत्साह से मनाया गया।

प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं शिक्षकगणों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। प्रधानपाठक मनोज साहू, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उदय साहू और त्रिलोचन साहू पूर्व सरपंच लगातार संस्था के विकास पर प्रयासरत रहे। होलोत्सव कार्यक्रम में कक्षा 8वीं की मुक्ति भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा में दिखी। एक छात्रा राधा की वेशभूषा में सुसज्जित रही। दोनों की पूजा-अर्चना कर संस्था के चहुमुंखी उन्नति और विकास के लिए प्रार्थना की गई। प्रबंधन समिति के लोगों ने पारंपरिक फाग गीत गाकर नगाड़ा बजाकर होली का त्योहार मनाया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज देवांगन प्रांतांध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छग थे।

मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच विजय रात्रे, त्रिलोचन साहू, उदय साहू अध्यक्ष प्रबंधन समिति, अश्वनी साहू, भूतपूर्व अध्यक्ष टीकाराम साहू, धरमचंद साहू, नागेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, भानू साहू, हुमन साहू, सीमा यादव, नागेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, डिगेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू के साथ संस्था के प्रधानपाठक मनोज साहू, शिक्षक कन्हैया गुरू, हेमलाल साहू एवं मनोज देवांगन मौजूद थे।

### रावनगुड़ा स्कूल में छात्रों-शिक्षकों ने खेली होली

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा के छात्रों ने होली का पर्व उत्साह से मनाया। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सोहद्रा तारक, डुमनलाल बंजारे, रुसेंद्र तारक, रसोइया मैनाबाई साहू, समेत स्कूली छात्र उपस्थित थे।

# छत्तरपाट जंगल में लगी आग कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





ग्राम मारियामारी के छत्तरपाट जंगल कक्ष क्रमांक 317 में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इसकी सूचना फायरवाचर ने गांव में दी। इसके बाद गांव के युवाओं एवं फायर वाचर ने आग को बहुत मुश्किल से बुझाया। ज्ञात हो कि 14 मार्च शुक्रवार को पारंपरिक जंगल तेंदूपत्थरी और सरईपानी जंगल कक्ष क्रमांक 337 में अज्ञात लोगों ने आग लगाई थी। सूचना मिलते नी युवाओं ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

होली त्योहार में भी अपने जंगल को आग से बचाने के लिए युवा दिन रात सुरक्षा कर रहे हैं। ग्राम सभा के माध्यम से लगातार अपनी पारंपरिक सीमा के भीतर को आग से बचाने के लिए बिना अर्थव्यवस्था के काम कर रहे हैं। फायरवाचर का भी सहयोग मिल रहा है। सीएफआरएमसी सचिव गोरेलाल वट्टी, कोषाध्यक्ष शिशुपाल वट्टी समेत संजय कुमार वट्टी, रामसिंग सलाम, कुंदन कुमार मरकाम, फायर आचर गजानंद, अशोक कुमार सलाम, दिलीप मरकाम, अशोक कुमार मरकाम, रमेश कुमार मरकाम, गोरेलाल वट्टी, धनुष कुमार मरकाम, सुधुराम, चैतराम, संजय कुमार, कुंदन सिंह, विनायक, ऋषभ कुमार, भीखम आग को बुझाने में सफल रहे।

नक्सली सदस्यों के लिये पुनर्वास योजना
धमतरी पुलिस
हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने पर पायें
एल. एम. जी. रायफल के साथ - 4.50 लाख
ए. के. 47 के साथ - 3.00 लाख
एस. एल. आर. / इंसास के साथ - 1.50 लाख
.303 रायफल के साथ - 75.00 हजार
12 बोर/सिंगल शॉट रायफल के साथ - 30.00 हजार
इसके अलावा आत्मसमर्पण करने पर पायें
- शासन द्वारा घोषित इनाम - योग्यता के आधार पर नौकरी
- पुनर्वास नीति का लाभ - परिवार के साथ खुशहाल जिन्दगी
- परिवार एवं समाज मे सम्मान
नक्सलियों के साथ रहने पर पाये
- पल-पल मौत का डर
- बिना किसा ठौर-ठिकाने की जिन्दगी
- आदिवासियों का शोषण
- बाहर के नक्सली नेताओं की गुलामी
- गरीबी/अशिक्षा
- अपने ही हाथों अपने छत्तीसगढ़ का विनाश
आगे बढ़ कर पुलिस एवं प्रशासन से हाथ मिलायें। किसी भी थाना/कैम्प में बिना भय आत्म समर्पण करें। छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त कराने में हर कदम पर धमतरी पुलिस आपके साथ है।
इस नम्बर पर सम्पर्क करें
पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी - 94791-92200
अनु.अधिकारी पुलिस नगरी - 94791-92205
पुलिस कंट्रोल रुम धमतरी - 94791-92299
धमतरी पुलिस
आपकी सेवा में सदैव तत्पर

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### होली महोत्सव में शामिल हुए महापौर



**धमतरी।** गंगरेल रोड स्थित चिन्हारी में होली महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि बड़े नगरों की तरह धमतरी में होली महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह पर्व भाईचारे का संदेश देता है।

### परसुली के सरपंच जपं अध्यक्ष से मिले



**धमतरी।** ग्राम पंचायत परसुली के सरपंच प्रेमू चन्द्रवंशी व उपसरपंच घनश्याम बांधे जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव से उनके निवास अरौद में मिले। उन्हें गुलदस्ता भेंटकर पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें जनपद अध्यक्ष ने विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।

### जिले के पूर्व सैनिकों ने मनाई होली



**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी के पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर परिषद के अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारीलाल साहू, चंद्रकुमार यदु, जौहर लाल मंडावी, ओमप्रकाश साहू, अजय पुरी गोस्वामी, तुलसीराम साहू, लक्ष्मीनारायण सोनकर, पीताम्बर नंदेश्वर, विजेंद्र ध्रुव समेत बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

### कुरूद विधायक, महापौर को माता की चुनरी कार्यक्रम का निमंत्रण कार्ड भेंट किया



**धमतरी।** मां बिलाईमाता सेवादार समिति द्वारा इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर माता की चुनरी, झांकी, पालकी शोभायात्रा एवं सुप्रसिद्ध जसगीत गायक खिलेश यादव दुर्ग के स्वर में रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, महापौर रामू रोहरा से सौजन्य भेंटकर उन्हें माता के चुनरी कार्यक्रम का निमंत्रण कार्ड दिया। इस अवसर पर समिति के सुभाष चंद्राकर, तनवीर सिन्हा, आर्यन सोनकर, गौरव सोलंके, चित्रांश श्रीवास्तव, यश गांधी, शुभम यदु, श्रेयांश साहू, गिरिराज साहू, सुशांत साहू समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मां दंतेश्वरी स्कूल में मना रंगों का त्योहार



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में गुरुवार को होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों और प्राचार्य के साथ रंगों का त्योहार होली का आनंद लिया। प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। सभी बच्चों को समाज में प्रेम और सद्भावना बनाए रखने का संदेश दिया। शिक्षिका श्रीमती लीला साहू ने प्राकृतिक रंग पौधों की पत्तियों और फूलों से बना होता है जो न केवल सुरक्षित होता है बल्कि पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद हैं। इस अवसर पर मोहन साहू, नूरेन्द साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, शारदा भूसाखरे, सरिता नेताम, पूर्वी सोनकर, लोपिता पिद्दा, प्रियंका यादव, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, भेमिन साहू, भूखीन ध्रुव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### विधायक ने सोरम के फाग गीत समारोह में बजाया नगाड़ा



**धमतरी।** ग्राम सोरम में फाग गीत व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस आयोजन में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। विधायक ओंकार ने जमकर नगाड़ा बजाया। इस दौरान फाग गीत पर लोग जमकर झूमे। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पहले गांव -गांव में होली का त्योहार नजदीक आते ही ढोलक, नगाड़ों की थाप पर देर रात तक फाग गीत गुंजायमान होते रहते थे लेकिन आधुनिकता के दौर में आज ग्रामीण क्षेत्र की यह परंपरा धीरे लुप्त हो रही है। फाग गीत की परंपरा को समाज में जीवंत बनाये रखने के लिए यह आयोजन निश्चित ही अच्छी पहल है। मौके पर अनुपमा साहू पूर्व जनपद सदस्य, श्याम सुंदर सिन्हा सरपंच, नरेश यादव पूर्व सरपंच, जगन्नाथ साहू, रफीक खान, गिरधर साहू, कौशल्या साहू, खेमिन साहू, हेमलता साहू, ईश्वरी मारकंडे, गोदावरी निषाद, चित्रसेन साहू, नेमेन साहू, पोखराज साहू, केशव साहू समेत में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### उमानंद को लोक निर्माण व सरिता को चिकित्सा विभाग

■ नपं आमदी अध्यक्ष ने पीआईसी सूची जारी की

**धमतरी।** नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष ज्योति डॉ. मुरलीधर साहू ने शहरी कैबिनेट की सूची जारी की है। इसमें दो महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। लोक निर्माण, जलकार्य व आवास पर्यावरण समिति प्रभारी सदस्य उमानंद कुंभकार, शिक्षा तथा महिला बाल कल्याण समिति कोमल यादव, चिकित्सा तथा खाद्य नागरिक अपूर्ति समिति श्रीमती सरिता साहू, पुनर्वास एवं नियोजन विधि तथा सामान्य प्रशासन समिति श्रीमती सुनीता साहू, राजस्व तथा बाजार समिति का प्रभार जागेश्वर नेताम को दिया गया है।

## होली त्योहार के दूसरे दिन डीजे पर नाचने को लेकर हुआ था विवाद

# चौक पर खड़े युवक की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



आरोपी इंद्रजीत साहू

होली त्योहार के दूसरे दिन डीजे में नाचने की बात पर हुए विवाद का बदला लेने एक युवक ने चौक पर खड़े दूसरे युवक पर धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गोकुलपुर के ठाकुरपारा निवासी टिकेश्वर साहू पिता दिनेश उम्र 22 वर्ष अपने पिता के कृषि कार्य में हाथ बंटाता था। होली त्योहार के दूसरे दिन शनिवार को डीजे बजाकर मोहल्ले के युवक नाचते हुए त्योहार मना रहे थे। टिकेश्वर भी अपने दोस्तों के साथ होली मना रहा था। वहीं गोकुलपुर मेन रोड निवासी इंद्रजीत साहू पिता शिवकुमार उम्र 21 वर्ष भी डीजे में नाच रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच वाद-विवाद हो गया। उस समय किसी तरह विवाद शांत हो गया था, लेकिन टिकेश्वर जब होली मनाकर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था तभी इंद्रजीत ने जीत्तू पानठेला के पास उसका रास्ता रोककर अश्लील गाली देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से इंद्रजीत बदला लेने मौके का इंतजार कर रहा था।

त्योहार के तीसरे दिन रविवार की रात्रि टिकेश्वर भटगांव चौक गोकुलपुर स्थित लक्ष्मी होटल के सामने अकेला खड़ा था। जिसे देख उसके पिता दिनेश ने टिकेश्वर को घर जाने के लिए कहा था। टिकेश्वर ने कुछ देर बाद जाने की बात कहकर चौक में खड़ा रहा। इसी दौरान इंद्रजीत चौक में पहुंचा और टिकेश्वर को अकेला खड़ा देख जेब से चाकू निकलकर उस पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरु कर दिया। इस हमले में टिकेश्वर के गले, सीना, पीठ, पेट, हाथ, पैर व शरीर के अन्य जगह पर 15 से ज्यादा प्राणघातक हमलाकर दिया। घटना के बाद टिकेश्वर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। सूचना पर उसके बड़े भाई तरूण साहू तत्काल घटनास्थल पहुंच जमीन पर पड़े टिकेश्वर को उपचार के लिए स्कूटी की मदद से श्रीराम अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। रात्रि में ही शव को रक्तदान एंबुलेंस से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में शिफ्ट किया गया। जहां दूसरे दिन कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। वहीं कुछ घंटे के बाद आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। मृतक के भाई तरूण साहू की सूचना पर सिटी कोतवाली में आरोपी इंद्रजीत साहू पिता शिवकुमार के खिलाफ धारा 103/1 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एएसआई अमित सिंह, संतोषी नेताम, हेमंत ध्रुव, प्रआ हरिशंकर सिन्हा एवं सायबर सेल प्रभारी सन्नी दूबे, प्रआ लोकेश नेताम, आक्षक विकास द्विवेदी, कमल जोशी, योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, फनेश साहू, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, मनोज साहू, देवेंद्र साहू, योगेश ध्रुव व किशोर देशमुख का योगदान रहा है।




मृतक टिकेश्वर साहू

#### आरोपी की निशानदेही पर चाकू बरामद

पुलिस द्वारा आरोपी इंद्रजीत से कड़ाई से पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के बताए जाने पर छिपाकर रखे हत्या में प्रयुक्त चाकू व मोबाइल को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

#### आरोपी ने इंस्टाग्राम में फोटो, वीडियो अपलोड किया था

घटना के बाद आरोपी इंद्रजीत ने हत्या में प्रयुक्त खून से सने चाकू की फोटो व वीडियो अपने इंस्टाग्राम में अपलोड कर दिन समय लिख सबको मार डालने की बात कही है।

## तालाब की लीज से आपत्ति हटाने की मांग



■ डाही की महिला कल्याण मछुआरा निषाद समिति ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तालाब को लीज में लेने के लिए दो समितियों के बीच तकरार का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्राम पंचायत डाही की महिला कल्याण मछुआरा समिति ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर शीतला तालाब को लीज पर दिया गया है। लीज 10 साल के लिए है। जिस पर गांव की शिवशक्ति मछुआरा समिति ने आपत्ति की है। महिला कल्याण मछुआरा निषाद समिति ने पंचायत में प्रस्तावित तालाब को लीज में प्रदान करने की मांग की है। हुमेश्वरी निषाद, धनेश्वरी तारक, जानकी तारक ने बताया कि गांव में शीतला तालाब, बड़े तालाब तथा धोला तालाब है। निषाद समाज का पारम्परिक व्यवसाय मछली पालन से जुड़ा है। तालाब के लीज में मिलने से उनके परिवार को रोजगार मिलेगा। तालाब की लीज से आपत्ति हटाने की मांग की है।

## राधाकृष्ण भवन में होली के संग स्वच्छता दीदियों का हुआ सम्मान

■ मोदीजी ने स्वच्छता को थ्योरेटिकली समझाया और दीदियों ने इसे प्रैक्टिकली सफल बनाया : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



महालक्ष्मी ग्रीन्स स्थित राधाकृष्ण भवन में गुरुवार को स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया, इसमें धमतरी की 176 स्वच्छता दीदियों ने हिस्सा लिया। सभी स्वच्छता दीदकयों को पं राजेश शर्मा ने उपहार देकर सम्मानित किया। इसके बाद आयोजन में होली कर रंग नजर आया। दीदीयों ने पँ शर्मा को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पं राजेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता का महत्व देश को समझाया, सामूहिक जन चेतना में स्वच्छता को मेरिट में ऊपर लाया, मोदीजी ने स्वच्छ भारत की थ्योरी से करोड़ों लोगो का माइंड सेट बदला, लेकिन मोदी जी के आह्वान को जमीन पर प्रैक्टिकली सफल हमारी स्वच्छता दीदियों ने ही किया है। हमारी इन दीदियों की कड़ी मेहनत के कारण ही धमतरी में साफ सफाई मेंटेन हो पा रही है। इस आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा और पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, विकास शर्मा, प्राची सोनी, नीलू डागा भी उपस्थित थे।

## महापौर ने वृद्धा को इलाज के लिए भेजा जिला अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के प्रथम नागरिक रामू रोहरा की मानवीयता व संवेदनशील आज उस वक्त देखने मिली जब लालबगीचा वार्ड की 95 वर्षीय पार्वती किस काम से निगम पहुंची हुई थी। वृध्दा अस्वस्थ भी थी। महापौर रामू रोहरा की नजर जैसे उन पर पड़ी तो वे दौड़कर उनके पास पहुंचे उन्हें बिठाया और उनकी समस्या जानी। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है जानकर उन्हें तुरंत निगम के वाहन से ही जिला अस्पताल भिजवाया। उनके अच्छे इलाज के लिए फोन से डाक्टरों से चर्चा भी की।

## स्कूली वेन को टक्कर मारकर पिकअप पलटा





■ वेन में 12 छात्र थे सवार, 5 को आई चोट, 1 छात्रा इलाज के लिए धमतरी रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





नाबालिग पिकअप चालक ने आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के वेन को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पिकअप सड़क किनारे पलट गई। वहीं स्कूली छात्र बाल-बाल बचे। 17 मार्च सोमवार को दोपहर 12.30 बजे आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मगरलोड की वेन क्र. सीजी 05 एके 7297 स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को छोड़ने ग्राम मोहंदी, राजपुर, डाभा, बोरसी जा रही थी। वेन को भीखम सिन्हा पिता निर्मल सिन्हा चला रहा था। नगर पंचायत की अंतिम सीमा गुरुकुल महाविद्यालय के आगे ग्राम सोनपैरी मोड़ के पूर्व दोपहर लगभग 1 बजे पीछे से तेज रफ्तार से जा रही पिकअप वेन को ठोकर मारकर सड़क किनारे पलट गई। इस घटना में वेन में सवार 12 छात्रों में से 5 को चोट लगी है। 1 छात्रा को धमतरी रिफर किया गया है। बताया जाता है कि पिकअप क्र. सीजी 05 एएम 9282 को नाबालिग चला रहा था। घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## नगाड़ों की थाप पर थिरके युवा-बुजुर्ग



**नगरी।** ग्राम सारंगपुरी (करैहा) में रंगों का महापर्व होली धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हर वर्ग के लोगों में पर्व के प्रति विशेष उत्साह नजर आया। सुबह से ही लोग इस उत्सव में डूबने लगे और चारों ओर रंगों का उमंग बिखरने लगा। आमजन परिवारजनों के साथ घरों में पर्व मनाकर खुशियों का इजहार करने लगे। वहीं घर- घर जाकर अपने मित्रों और शुभचिंतकों को रंग से सराबोर कर प्रेम और समरसता के इस महात्सव में चार चांद लगाने लगे। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया। मिठाई खिलाई। गली मुहल्लों में युवा वर्ग गीत संगीत में थिरकते हुए त्योहार का जश्न मनाने लगे। वहीं कुछ स्थानों पर पारंपरिक नगाड़ों की मनमोहक ध्वनि से सजे फाग गीत में गाते हुए इस महापर्व की मस्ती में डूबने लगे गांव में त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। छोटे बच्चों ने अपनी चंचलता से इस उत्सव की खुशियों को दोगुना कर दिया वहीं आमजन समरसता और प्रेम के रंग में रंगकर भाईचारे और एकता का संदेश देने लगे। इस अवसर पर सरपंच राधेश्याम नेताम, राजेन्द्र साहू, गोविन्द साहू, नोहर मरकाम, लीलेन्द्र साहू, खेमराज साहू, महादेव सलाम, चन्द्रभान साहू, केशोराम साहू, राजेंद्र नेताम, किशोर मंडावी, भेवेन्द्र साहू, मोहित सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिजनापुरी के उपसरपंच बने खेमलाल

एक वोट से जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत बिजनापुरी में उपसरपंच के चुनाव में खेमलाल साहू अपने प्रतिद्वंद्वी चुड़ामणि यादव को एक वोट से मात देकर उपसरपंच निर्वाचित हुए। शनिवार को ग्रापं बिजनापुरी में उपसरपंच का चुनाव हुआ। पंचायत भवन को मतदान केंद्र बनाया गया। पीठासीन अधिकारियों की उपस्थिति में उपसरपंच के लिए आश्रित ग्राम सरसोंपुरी के खेमलाल साहू तथा चुड़ामणि यादव के बीच सीधा मुकाबला हुआ। खेमलाल साहू को 8 तथा चुड़ामणि यादव को 7 वोट मिले। एक वोट से जीत हासिल करने का नतीजा घोषित होते ही उपसरपंच के समर्थकों में उत्साह छा गया। फूलमालाओं से सम्मान के साथ उपसरपंच ने मोहल्ले में विजय जुलूस बाजे-गाजे के साथ निकाला। मौके पर राजकुमार यादव, परमेश्वर साहू, भानदास साहू, पोषण सेन, पूर्व सरपंच दिलीप ध्रुव, चम्मन यादव, मनीष साहू, प्रकाश साहू, ज्ञानदास, दुर्गेश साहू, नीलेश यादव, रंजीत साहू, कोमल निर्मलकर, निरंजन, देवेंद्र, रितु सेन, बनाराम साहू, परमेश्वर साहू, दिलीप साहू, नीरज ध्रुव, बसंत यादव उपस्थित थे।

### डांडेसरा स्कूल में हुआ विदाई समारोह

**डांडेसरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कक्षा 4थीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 5वीं के छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। शिक्षकों का भी स्वागत किया। बच्चों ने मां सरस्वती व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सीजी डांस, पंथी गीत, सुआ नृत्य, फाग गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने 5 साल का अनुभव बारी-बारी से साझा किया। शिक्षिका शहनाज बानो ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया।

## मिशन मैदान में सिंधी प्रीमियम लीग शुरू



■ रात्रिकालीन प्रतियोगिता में समाज की 10 टीमें हिस्सा ले रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिंध समाज अपने इष्ट देव साईं झूलेलाल का जन्म उत्सव इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुट गया है। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी राजेश चावला ने बताया कि उत्सव के 15 दिन पहले ही सिंध समाज द्वारा दूसरे वर्ष भी मिशन मैदान में रात्रिकालीन फटाफट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा रहा है। तकरीबन 9 दिन तक चलने वाली इस रात्रिकालीन प्रतियोगिता में समाज की 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

#### महापौर ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

धमतरी के प्रथम नागरिक जगदीश रामू रोहरा ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। समाज के महेश ने साईं झूलेलाल की आरती, पल्लव अरदास के साथ आयोजन की शुरुआत की। इस दौरान समाज के अध्यक्ष चन्द्रलाल जसवानी, उपाध्यक्ष रामचंद वाधवानी समेत अन्य मौजूद रहे।

#### महापौर, अध्यक्ष ने की बैटिंग

समाज के चन्द्रलाल जसवानी, रामचंद वाधवानी सहित समाज के पदाधिकारी मिशन मैदान में शुभारम्भ के दौरान शो मैचे खेले। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने बैट थामकर खूब शॉट लगाए। समाज के मुखी चन्द्रलाल ने भी बैट थामा।

#### पहला मैच सिंधी रॉयल विरुद्ध सिंधी वॉरियर के बीच

प्रतियोगिता के पहले दिन मिशन मैदान में दूधिया रोशनी के बीच कुल तीन मैच खेले गए। सिंधी रॉयल का सीधा मुकाबला सिंधी वॉरियर के बीच हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020